दैनिक भास्कर
(Danik Bhaskar)
24-09-2008

तीन अक्टूबर तक चलेगी पेंटिंग एग्जीबिशन। -भास्कर

फ्रेंच आर्टिस्ट, इंडियन वर्क

भास्कर न्यूज. चंडीगढ़

अदाकारा किरन खेर की सितारों जड़ी साड़ी, फैशन डिजाइनर गौरव गुप्ता के पोर्ट्रेट पर उन्हीं की डिजाइनर कढ़ाइयां सजह ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। पोट्रेट्स के साथ कढ़ाइयों का संगम चंडीगढ़ में लेकर आई हैं 25 साल की यंग फ्रेंच आर्टिस्ट मेरियन कोलोमर।

सृजनशीलता और मौलिकता से बनाए यह पोर्ट्रेट्स देखने वालों पर अद्भुत छाप छोड़ते हैं। आलियांस फ्रांसेस, सेक्टर-36 में मंगलवार से शुरू यह एग्जीबिशन तीन अक्टूबर तक चलेगी। पिछले एक साल के दौरान तैयार किए नौ पोर्ट्रेट्स एग्जीबिशन 'पोर्ट्रेट्स-07 फ्रॉम महाराजा टू ग्लिटरैटी' में प्रदर्शित किए हैं। पूर्व क्रिकेट स्टार और पटौदी के नवाब मंसूर अली खान पटौदी, हैदराबाद की प्रिंसेस शेकर जाह और इर्सा जाह, पेंटर जूलियस मेकवान, दिल्ली के मीरा मुजफ्फर अली, मुंबई के अलेक पदमसी, अदाकारा किरन खेर, पेंटर बाबा आनंद और गौरव गुप्ता के पोर्ट्रेट्स यहां प्रदर्शित किए हैं। ऑयल पेंटिंग्स पर इन्होंने सिप्पी, बीड्स और पर्ल वर्क किया है।